कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन, मध्यप्रदेश

(राजस्व भवन, नाका चन्द्रबदनी, नीडम रोड, ग्वालियर (म.प्र.), पिन कोड:- 474009)

(e-Mail : clrgwa@nic.in, mp-lrs@mp.gov.in)

क्रमांक/ 2182 /MPLRS/DCS/2026 भोपाल, दिनांक 29/04/2026

प्रति,

कलेक्टर

समस्त जिला

मध्यप्रदेश

विषय -डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के तहत कार्यवाही पूर्ण करने में स्थानीय युवाओं की सहभागिता के संबंध में।

डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के तहत मोबाईल एप का उपयोग कर जियो फेंस तकनीक के माध्यम से खेत में उपस्थित होकर फसल का फोटो खींचकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। यह कार्यवाही ग्राम के अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं की सहभागिता के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है।

डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण का कार्य तीन मौसम (जायद, खरीफ एवं रबी) में किया जाता है एवं प्रत्येक मौसम में लगभग 45 दिवस में कार्यवाही पूर्ण की जाती है। यह देखने में आया है कि समान स्थानीय युवाओं को ही डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण का कार्य सौंपा जा रहा है, जिससे अन्य स्थानीय युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है।

शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि **प्रत्येक स्थानीय युवा को एक मौसम के अंतराल में कार्य सौंपा जाए**। इस प्रकार यह सुनिश्चित किया जाएगा कि गत मौसम में कार्य करने वाले स्थानीय युवाओं को छोडकर, वर्तमान मौसम में अन्य पंजीकृत स्थानीय युवाओं को डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण का कार्य सौंपा जाये। जैसे मौसम जायद में कार्य करने वाले स्थानीय युवाओं को मौसम खरीफ छोडकर मौसम रबी में कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो सके एवं डिजिटल साक्षरता को आगे बढाया जा सके। इस प्रकार यह कार्यवाही वर्ष 2026-27 मौसम जायद से सुनिश्चित की जाए।

(प्रमुख सचिव द्वारा अनुमोदित)

(अनुभा श्रीवास्तव) 29/4/26

आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन

मध्यप्रदेश

पृ. क्रमांक/ 2182 /MPLRS/DCS/2026 भोपाल, दिनांक 29-04-2026

प्रतिलिपि-

1. अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, बल्लभ भवन, भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग।
3. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मध्यप्रदेश शासन।
4. प्रबंध संचालक, MPSeDC, भोपाल।
5. प्रभारी अधिकारी, भूलेख पोर्टल, MPLRS, भोपाल की ओर पालन हेतु।

29/4/26

आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन
मध्यप्रदेश